(ग) उनका कार्यकाल बढ़ाने के क्या कारण थे;

(घ) क्या उन नगरपालिकाओं के लिये जिनका कार्यकाल बढ़ाया गया है, चुनाव कराने का सरकार का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो कब और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

**स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब० सू० मूर्ति):** (क) 53.

(ख) से (ङ). बिहार तथा उड़ीसा नगरपालिका अधिनियम, 1922 की धारा 29 (क) के अनुसार निर्वाचित आयुक्तों का कार्यकाल 5 वर्ष का है। इसी अधिनियम की धारा 29 (2) के अनुसार इस कार्यकाल में वह समय भी सम्मिलित है जो इसके कार्यकाल की समाप्ति से नव निर्वाचित एवं नियुक्त आयुक्तों के निकाय पहली बैठक की तिथि तक लगेगा। बिहार में जहां कहीं भी नगरपालिकाओं के चुनाव होने थे उन्हें 1965 में विदेशी आक्रमण के कारण तथा बाद में 1967 के आम चुनावों के कारण स्थगित करना पड़ा। ऐसा ज्ञात हुआ है कि 44 नगरपालिकाओं में चुनाव होने हैं। 1967 में राज्य सरकार ने यह निश्चय किया कि म्यूनिसिपल चुनाव सिंगल सीट वार्डों के आधार पर किया जाएं। वैसे, राज्यों में नगरपालिकाओं में सभी प्लूरल-सीटों वाले वार्ड हैं। अधिकांश नगरपालिकाओं में प्लूरल सीटों वाले वार्डों को सिंगल सीट वाले वार्डों में विभाजित करने का कार्य अब पूरा हो गया है। जैसे ही सिंगल सीट वाले वार्डों की मतदाता सूचियां तैयार हो जाएंगी, राज्य सरकार द्वारा चुनाव कार्यक्रम तैयार किया जायेगा।

**पटना विकास न्यास के धन का कथित दुरुपयोग**

4873. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पटना विकास न्याय में धन की बहुत गड़बड़ी और दुरुपयोग हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि बिहार सरकार ने इस सम्बन्ध में एक जांच समिति नियुक्ति की है;

(ग) यदि हां, तो क्या यह सच है कि उक्त समिति का प्रतिवेदन केन्द्रीय सरकार को प्राप्त हो गया है;

(घ) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं, और

(ङ) उन पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री ब० सू० मूर्ति ) :** (क) इस आशय की कुछ शिकायतें की गयी हैं ।

(ख) जी, हां।

(ग) जी, नहीं।

(घ) और (ङ) : प्रश्न ही नहीं उठता।

**RIGS FOR DRILLING WATER WELLS**

4874. SHRI K. ANIRUDHAN : Will the Minister of IRRIGATION AND POWER be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Madhya Pradesh and Tamilnadu Governments have given orders for rigs from a U.S.A. firm for drilling water wells; and

(b) whether Government have taken steps to manufacture such rigs indigenously so that more States can start water-well drilling ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF IRRIGATION AND POWER (SHRI SIDDHESHWAR PRASAD): (a) The Ministry of Food & Agriculture have indicated that the Government of